श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2021-22 दिनांक 10.06.2021

प्रवेश-सूचना-1/2021-22

शैक्षणिक सत्र 2021-22 में विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित नियमित और स्ववित्तपोषित अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन माध्यम द्वारा आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार / काउन्सलिंग द्वारा प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित आर्हता पूर्ण होने पर वरीयता सूची के आधार पर प्रवेश समिति द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का प्रवेश किया जाएगा।

नियमित-पाठ्यक्रम

- शास्त्री (बी.ए.)
  वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीनव्याकरण, नव्यव्याकरण, फलितज्योतिष, सिद्धान्तज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, पुराणेतिहास, प्राकृत, सर्वदर्शन, प्राचीन न्यायवैशेषिक, नव्यन्याय, सांख्ययोग, जैनदर्शन, मीमांसा अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त
- बी.ए. योग
- आचार्य (एम.ए.)
  वेद, पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, प्राचीनव्याकरण, नव्यव्याकरण, फलितज्योतिष, सिद्धान्तज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, पुराणेतिहास, प्राकृत, सर्वदर्शन, प्राचीन न्यायवैशेषिक, नव्यन्याय, सांख्ययोग, जैनदर्शन, मीमांसा अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त,
- एम.ए. योग

अंशकालीन पाठ्यक्रम

- **पी.जी. डिप्लोमाः**- (अवधि 01 वर्ष) ज्योतिषप्राज्ञ, मेडिकल एस्ट्रोलॉजी, वास्तुशास्त्र, योग, पौरोहित्य, संस्कृतभाषा पत्रकारिता, जैनविद्या एवं संगणक अनुप्रयोग
- **एडवांसडिप्लोमा** (अवधि 02 वर्ष) ज्योतिष भूषण, वास्तुशास्त्र
- **प्रमाणपत्रीय** (अवधि 06 माह):-ज्योतिष प्रवेशिका, वास्तुशास्त्र, योग, पौरोहित्य प्रशिक्षण, संस्कृत प्रशिक्षण एवं सम्भाषण, संस्कृत वाङ्मय, जैनविद्या, पाण्डुलिपि एवं अभिलेख शास्त्र।

आवेदन प्रक्रियाः-

शास्त्री प्रथमवर्ष, बी.ए. (योग) प्रथमवर्ष, आचार्य प्रथमवर्ष, एम.ए. (योग) प्रथमवर्ष एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश-हेतु आवेदनपत्र केवल ऑनलाइन-माध्यम से किया जाएगा। **ऑनलाइन माध्यम से आवेदनपत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में, अभ्यर्थी आवेदनपत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट-www.slbsrsv.ac.in से भी डाउनलोड करके उसके साथ**

सम्बन्धित-दस्तावेज तथा आवेदनपत्र शुल्क का डिमांड-ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से ''कुलसचिव श्री.ला.ब. शा.रा.सं. विश्वविद्यालय'' नई दिल्ली में देय हो, बनवाकर रजिस्टर्ड-पोस्ट/स्पीड-पोस्ट से भेज सकते है।

प्रवेश आवेदन पत्र शुल्कः-

- शास्त्री (बी.ए.) प्रथमवर्ष, बी.ए. (योग) प्रथमवर्ष, आचार्य (एम.ए.) प्रथमवर्ष, एम.ए. (योग) प्रथमवर्ष एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में आवेदनपत्र-शुल्क रुपये 300/- निर्धारित है। निर्धारित देय-तिथि के पश्चात् आवेदन-शुल्क रुपये 450/-होगा।

महत्त्वपूर्ण तिथियाँ

- ऑनलाइन माध्यम से आवेदनपत्र भरने की अन्तिम तिथि : 10/06/2021 से 11/07/2021
- **विलम्ब-शुल्क-सहित आवेदनपत्र भरने की अन्तिम तिथि** : 12/07/2021 से 15/07/2021
- साक्षात्कार / काउन्सलिंग हेतु तिथियों की घोषणा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर पृथक से जारी की जाएगी।

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु भारत सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार आरक्षण दिया जाएगा।

विशेषः- कोविड्-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए आवश्यकतानुसार उपरोक्त प्रस्तावित तिथियों में विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रकाशित की जाएगी।

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.slbsrsv.ac.in पर उपलब्ध है।

कुलसचिव